Series : AB4CD/3

SET ~ 1

प्रश्न-पत्र कोड
Q.P. Code **61/3/1**

रोल नं.
Roll No.

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | | |

परीक्षार्थी प्रश्न-पत्र कोड को उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर अवश्य लिखें ।
Candidates must write the Q.P. Code on the title page of the answer-book.

**नोट / NOTE :**

(i) कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में मुद्रित पृष्ठ **12** (**मानचित्र** सहित) हैं ।
Please check that this question paper contains **12** printed pages (Including **Map**).

(ii) प्रश्न-पत्र में दाहिने हाथ की ओर दिए गए प्रश्न-पत्र कोड को छात्र उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर लिखें ।
Q.P. Code given on the right hand side of the question paper should be written on the title page of the answer-book by the candidate.

(iii) कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में **10** प्रश्न हैं ।
Please check that this question paper contains **10** questions.

(iv) **कृपया प्रश्न का उत्तर लिखना शुरू करने से पहले, उत्तर-पुस्तिका में प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखें ।**
**Please write down the Serial Number of the question in the answer-book before attempting it.**

(v) इस प्रश्न-पत्र को पढ़ने के लिए 15 मिनट का समय दिया गया है । प्रश्न-पत्र का वितरण पूर्वाह्न में 10.15 बजे किया जाएगा । 10.15 बजे से 10.30 बजे तक छात्र केवल प्रश्न-पत्र को पढ़ेंगे और इस अवधि के दौरान वे उत्तर-पुस्तिका पर कोई उत्तर नहीं लिखेंगे ।
15 minute time has been allotted to read this question paper. The question paper will be distributed at 10.15 a.m. From 10.15 a.m. to 10.30 a.m., the candidates will read the question paper only and will not write any answer on the answer-book during this period.

# इतिहास
# HISTORY

*निर्धारित समय : **2** घण्टे* | *अधिकतम अंक : **40***
*Time allowed : **2** hours* | *Maximum Marks : **40***



ZOLLEGE.in

**सामान्य निर्देश :**

**निम्नलिखित निर्देशों को बहुत सावधानी से पढ़िए और उनका पालन कीजिए :**

*(i)* *इस प्रश्न-पत्र में कुल* ***10*** *प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न के सामने प्रश्न के अंक दिये गए हैं।*

*(ii)* ***सभी*** *प्रश्न अनिवार्य हैं।*

*(iii)* *यह प्रश्न-पत्र* ***चार*** *खण्डों में विभाजित किया गया है – खण्ड क, ख, ग तथा घ।*

*(iv)* ***खण्ड-क*** *में प्रश्न संख्या* ***1*** *से* ***4*** *तक लघु-उत्तरीय प्रकार के प्रश्न हैं जिसमें प्रत्येक प्रश्न* ***3*** *अंकों का है। इन प्रश्नों के उत्तर* ***80*** *शब्दों से अधिक नहीं दिये जाने चाहिये।*

*(v)* ***खण्ड-ख*** *में प्रश्न संख्या* ***5*** *से* ***7*** *तक दीर्घ उत्तरीय प्रकार के प्रश्न हैं जिसमें प्रत्येक प्रश्न* ***6*** *अंकों का है। इन प्रश्नों के उत्तर* ***150*** *से* ***200*** *शब्दों से अधिक नहीं दिये जाने चाहिये।*

*(vi)* ***खण्ड-ग*** *में प्रश्न संख्या 8 तथा 9 केस आधारित प्रश्न हैं, प्रत्येक प्रश्न* ***4*** *अंकों का है।*

*(vii)* ***खण्ड-घ*** *प्रश्न संख्या* ***10*** *मानचित्र आधारित* ***2*** *अंकों का प्रश्न है।*

*(viii)* *प्रश्न-पत्र में कोई समग्र विकल्प नहीं है। हालाँकि कुछ प्रश्नों में आंतरिक विकल्प का चयन प्रदान किया गया है। इस प्रकार के प्रश्नों में से केवल* ***एक*** *ही प्रश्न का उत्तर लिखिए।*

*

**खण्ड – क**

**(लघु-उत्तरीय प्रश्न)** **3 × 4 = 12**

1. संविधान सभा में पेश किए गए 'उद्देश्य प्रस्ताव' को ऐतिहासिक प्रस्ताव क्यों माना गया ? स्पष्ट कीजिए। **3**



ZOLLEGE.in

**General Instructions :**

***Please read the following instructions carefully and strictly follow them :***

*(i)* *This question paper contains **10** questions. Marks have been indicated against each question.*

*(ii)* ***All** questions are compulsory.*

*(iii)* *This question paper is divided into **FOUR** Sections – Section A, B, C and D.*

*(iv)* ***Section A** – Question Nos. **1** to **4** are Short answer type questions of **3** marks each. Answer to each question should not exceed **80** words.*

*(v)* ***Section B** – Question Nos. **5** to **7** are Long answer type questions, carrying **6** marks each. Answer to each question should not exceed **150 to 200** words.*

*(vi)* ***Section C** – Question Nos. **8** and **9** are Case Based questions, carrying **4** marks each.*

*(vii)* ***Section D** – Question No. **10** is MAP based question, carrying **2** marks.*

*(viii)* *There is no overall choice in the question paper. However, an internal choice has been provided in some questions. Only one of the choices in such questions have to be attempted.*

**SECTION – A**

**(Short Answer Type Questions)** **3 × 4 = 12**

1. Why was the 'Objective Resolution' introduced in the Constituent Assembly considered as a Momentous Resolution ? Explain. **3**



ZOLLEGE.in

2. (क) 1780 में ऑगस्टस क्लीवलैंड द्वारा प्रस्तावित की गई 'शांति-स्थापना की नीति' के पहाड़ियाँ लोगों पर पड़े प्रभावों का विश्लेषण कीजिए । 3

अथवा

(ख) संथालों के राजमहल की पहाड़ियों में बसने के बाद पहाड़ियाँ लोगों की आर्थिक स्थिति की परख कीजिए ।

3. "अलग-अलग स्थानों पर 1857 के विद्रोह के ढर्रे में समानता की वजह आंशिक रूप से उसकी योजना और समन्वय में निहित थी ।" कथन की व्याख्या कीजिए । 3

4. भारतीय राष्ट्रीय आंदोलन के बारे में जानने के लिए महत्त्वपूर्ण स्रोतों के रूप में गांधीजी और उनके समकालीनों के लेखन और भाषणों के महत्त्व का वर्णन कीजिए । 3

## खण्ड – ख

**(दीर्घ उत्तरीय प्रश्न)** $6 \times 3 = 18$

5. गांधीजी द्वारा शुरू किए 'नमक सत्याग्रह' के कारणों और महत्त्व का वर्णन कीजिए । $3 + 3 = 6$

6. (क) "ताल्लुकेदारों और किसानों की विभिन्न प्रकार की पीड़ाओं ने उन्हें 1857 के विद्रोह से जोड़ दिया था ।" इस कथन की व्याख्या कीजिए । 6

अथवा

(ख) "केवल अफवाहें ही नहीं थीं बल्कि उनका दृढ़ आधार भी था जिसके कारण लोगों ने 1857 में विद्रोह किया ।" इस कथन की व्याख्या कीजिए ।

7. (क) "मुगल दरबार में पांडुलिपियों की रचना की प्रक्रिया में विविध प्रकार के कार्य करने वाले लोगों की संख्या शामिल थी ।" कथन की पुष्टि उदाहरणों सहित कीजिए । 6

अथवा

(ख) "मुगल साम्राज्य द्वारा तैयार करवाए गए इतिवृत्त साम्राज्य और उसके दरबार के अध्ययन के महत्त्वपूर्ण स्रोत हैं ।" उदाहरणों सहित कथन की व्याख्या कीजिए ।



ZOLLEGE.in

2. (a) Analyse the impact of the 'policy of pacification' on the Paharias, proposed by Augustus Cleveland in 1780. **3**

**OR**

(b) Examine the economic conditions of the Paharias after the settlement of Santhals in the periphery of Raj Mahal hills.

3. "The similarities in the pattern of revolt of 1857 in different places lay partly in its planning and coordination." Explain the statement. **3**

4. Describe the importance of writings and speeches of Gandhiji and his contemporaries as important sources to know about the Indian National Movement. **3**

## SECTION – B

### (Long Answer Type Questions) $6 \times 3 = 18$

5. Describe the causes and significance of Salt Satyagraha launched by Gandhiji. **3 + 3 = 6**

6. (a) "Chain of grievances of taluqdars, and peasants led them to join the revolt of 1857." Elucidate the statement. **6**

**OR**

(b) "There were not only rumours but sound bases which led the people to revolt in 1857." Explain the statement.

7. (a) "The process of manuscript production in the Mughal Court involved a number of people performing a variety of tasks." Support the statement with examples. **6**

**OR**

(b) "Chronicles commissioned by Mughal Emperors are the important sources for studying the empire and its court." Explain the statement with examples.



ZOLLEGE.in

## खण्ड – ग

**(केस आधारित प्रश्न)** **4 × 2 = 8**

8. दिए गए केस को ध्यानपूर्वक पढ़िए और नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए :

**बादशाह तक सुलभ पहुँच**

पहले जेसुइट शिष्टमंडल का एक सदस्य मान्सेरेट अपने अनुभवों का विवरण लिखते हुए कहता है :

उससे (अकबर से) भेंट करने की इच्छा रखने वाले लोगों के लिए उसकी पहुँच कितनी सुलभ है इसके बारे में अतिशयोक्ति करना बहुत कठिन है । लगभग प्रत्येक दिन वह ऐसा अवसर निकालता है कि कोई भी आम आदमी अथवा अभिजात उससे मिल सके और बातचीत कर सके । उससे जो भी बात करने आता है उन सभी के प्रति कठोर न होकर वह स्वयं को मधुरभाषी और मिलनसार दिखाने का प्रयास करता है । उसे उसकी प्रजा के दिलो-दिमाग से जोड़ने में इस शिष्टाचार और भद्रता का बड़ा असाधारण प्रभाव है ।

8.1 अकबर की सुलभ पहुँच का उसकी प्रजा के दिलो-दिमाग पर पड़ने वाले प्रभाव की परख कीजिए । 1

8.2 अकबर ने जेसुइट शिष्टमंडल को अपने दरबार में क्यों आमंत्रित किया ? 1

8.3 अकबर उन लोगों के लिए बैठकें किस प्रकार आयोजित करता था जो उससे मिलना चाहते थे ? 2

9. दिए गए केस को ध्यानपूर्वक पढ़िए और नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए : 4

**"खंडित निष्ठा के लिए कोई जगह नहीं"**

गोविंद वल्लभ पंत ने कहा कि निष्ठावान नागरिक बनने के लिए लोगों को समुदाय और खुद को बीच में रख कर सोचने की आदत छोड़नी होगी :

लोकतंत्र की सफलता के लिए व्यक्ति को आत्मानुशासन की कला का प्रशिक्षण लेना होगा । लोकतंत्र में व्यक्ति को अपने लिए कम तथा औरों के लिए ज्यादा फिक्र करनी चाहिए । यहाँ खंडित निष्ठा के लिए कोई जगह नहीं है । सारी निष्ठाएँ केवल राज्य पर केंद्रित होनी चाहिए । यदि किसी लोकतंत्र में आप प्रतिस्पर्धी निष्ठाएँ रख देते हैं या ऐसी व्यवस्था खड़ी कर देते हैं जिसमें कोई व्यक्ति या समूह अपने अपव्यय पर अंकुश लगाने की बजाय बृहत्तर या अन्य हितों की ज़रा भी परवाह नहीं करता, तो ऐसे लोकतंत्र का डूबना निश्चित है ।

संविधान सभा बहस, खंड 2



ZOLLEGE.in

## SECTION – C

**(Case Based Questions)** **4 × 2 = 8**

8. Read the case given below carefully and answer the questions that follow :

**The accessible emperor**

In the account of his experiences, Monserrate, who was a member of the first Jesuit Mission, says :

It is hard to exaggerate how accessible he (Akbar) makes himself to all who wish audience of him. For he creates an opportunity almost every day for any of the common people or of the nobles to see him and to converse with him; and he endeavours to show himself pleasant – spoken and affable rather than severe towards all who come to speak with him. It is very remarkable how great an effect this courtesy and affability has in attaching him to the minds of his subjects.

8.1 Examine the impact of Akbar's accessibility on the minds of his subjects. **1**

8.2 Why did Akbar invite Jesuit Mission to his court ? **1**

8.3 How did Akbar use to facilitate meetings for those who wanted to call on him ? **2**

9. Read the given case carefully and answer the questions that follow : **4**

**"There cannot be any divided loyalty"**

Gobind Ballabh Pant argued that in order to become loyal citizens people had to stop focusing only on the community and the self :

For the success of democracy one must train himself in the art of self-discipline. In democracies one should care less for himself and more for others. There cannot be any divided loyalty. All loyalties must exclusively be centered round the State. If in a democracy, you create rival loyalties, or you create a system in which any individual or group, instead of suppressing his extravagance, cares nought for larger or other interests, then democracy is doomed.

*CAD. Vol. II.*



ZOLLEGE.in

9.1 एकीकृत राष्ट्र के लिए गोविंद वल्लभ पंत की चिंता की परख कीजिए। 1

9.2 निष्ठा को सामाजिक पिरामिड का एक महत्त्वपूर्ण गुण क्यों माना गया ? 1

9.3 लोकतंत्र की सफलता के लिए महत्त्वपूर्ण माने जाने वाले पहलुओं का विश्लेषण कीजिए। 2

## खण्ड – घ

**(मानचित्र आधारित प्रश्न)** **1 + 1 = 2**

10. भारत के दिए गए राजनीतिक रेखा–मानचित्र पर निम्नलिखित में से किसी **एक** को उपयुक्त चिह्न के साथ अंकित कीजिए और नाम लिखिए :

I. (क) वह स्थान जहाँ से 1857 को विद्रोह शुरू हुआ। 1

**अथवा**

(ख) वह स्थान जहाँ गांधीजी ने नमक कानून तोड़ा था।

II. भारत के इसी रेखा–मानचित्र पर मुगल साम्राज्य के राजधानी शहर को 'A' के रूप में अंकित किया गया है, इसकी पहचान कीजिए और इसके पास खींची गई रेखा पर इसका नाम लिखिए। 1

**नोट :** निम्नलिखित प्रश्न **केवल दृष्टिबाधित परीक्षार्थियों** के लिए प्रश्न संख्या **10** के स्थान पर है :

10. I. (क) उस जगह का नाम लिखिए जहाँ 10 मई, 1857 को विद्रोह की शुरुआत हुई थी। 1

**अथवा**

(ख) उस स्थान का नाम लिखिए जहाँ गांधीजी ने नमक कानून तोड़ा था।

II. मुगल साम्राज्य के किसी एक राजधानी शहर का नाम लिखिए। 1



ZOLLEGE.in

9.1 Examine the concern of Gobind Ballabh Pant for a Unified Nation. **1**

9.2 Why was loyalty considered as an important attribute of social pyramid ? **1**

9.3 Analyse the aspects considered significant for the success of democracy. **2**

## SECTION – D

### (Map Based Questions) 1 + 1 = 2

10. On the given political outline map of India, locate and label any **one** of the following with appropriate symbol :

I. (a) The place where mutiny started in 1857. **1**

**OR**

(b) The place where Gandhiji broke the Salt law.

II. On the same outline map of India, a place related to Capital city of the Mughal Empire has been marked as **A**. Identify it and write its name on the line drawn near it. **1**

**Note : The following questions are for the Visually Impaired candidates only in lieu of Q. No. 10.**

10. I. (a) Name the place from where mutiny started on 10$^{th}$ May, 1857. **1**

**OR**

(b) Name the place where Gandhiji broke the Salt law.

II. Name any one Capital city of Mughal Empire. **1**



ZOLLEGE.in


ZOLLEGE.in



ZOLLEGE.in

प्रश्न सं. **10** के लिए मानचित्र

Map for Q. No. **10**




यहाँ से काटें ---- Cut Here ---- यहाँ से काटें ---- Cut Here



ZOLLEGE.in

*



ZOLLEGE.in